# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेंल- spsrn-up@nic.in

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 09.09.2025

**श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण में थाना भदोही पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबीरी सूचना पर पुलिस मुठभेड़ में वांछित पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा ₹25000/- पुरस्कार घोषित अभियुक्त किशन उर्फ कृष्णा पुत्र रवि डोम निवासी रेवडा फाटक चौरी रोड थाना भदोही जनपद भदोही को कारपेट सीटी पावर हाउस के रास्ते होते हुए सेवापुर को जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।**

**पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण:-**

दिनांक 13.07.2025 को अभियुक्त कृष्णा डोम द्वारा अपने साथी भोला के साथ चौरी रोड पर एजाज कम्पनी के पास छिनैती किया था। उक्त घटना के संबंध में थाना भदोही पर मु0अ0सं0 325/25 धारा 304(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। उपरोक्त घटना के अलावा अभियुक्त द्वारा कई लूट की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। अभियुक्त के अन्य अपराधों में संलिप्तता की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तारी/पुलिस मुठभेड़ का विवरण:-**

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09.09.2025 को प्रभारी निरीक्षक सच्चिदानन्द पाण्डेय मय हमराही थाना से देखभाल क्षेत्र शान्ति ब्यवस्था, तलाश वांछित अभियुक्त/वारण्टी में इन्द्रामील तिराहे पर मौजूद थें कि इसी दौरान प्रभारी चौकी रजपुरा उ0नि0 अजय कुमार ओझा मय हमराह पहुंचे। जनपद में घटित हो रही बाहन चोरी व छिनैती जैसे अपराध एवं अपराधियों के बारे में वार्ता के दौरान मुखबीरखास ने आकर बताया कि साहब आपके थाना भदोही के मुकदमें का वांछित शातिर अपराधी किशन उर्फ कृष्णा पुत्र रवि डोम निवासी रेवडा फाटक चौरी रोड थाना भदोही जनपद भदोही जो दिनांक 08.09.2025 को वाराणसी जेल से रिहा हुआ है जो जौनपुर सुरेरी से सेवापुर कारपेट सिटी मार्ग से होते हुए भदोही की तरफ आ रहा है जो कोई बड़ी वारदात करने के फिराक मे है जिसके पास अबैध असलहा भी है। इस सूचना पर विश्वास करके इन्द्रामिल से प्रस्थान कर कारपेट सीटी पावर हाउस के रास्ते होते हुए सेवापुर को जाने वाले मार्ग पर पहुंचकर उसके आने का इन्तजार करते समय एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से सेवापुर की तरफ से आता हुआ दिखायी दिया उसे देखते ही मुखबीरखास ने बताया कि सम्भवतः यह वही व्यक्ति है। जैसे ही उक्त मोटरसाइकिल

सवार व्यक्ति के करीब आने पर उसे रूकने का इशारा किया तो वह व्यक्ति नदी की तरफ मुड़ाकर भागना चाहा कि एकाएक मोटरसाइकिल सहित फिसल कर गिर गया तथा मोटरसाइकिल को छोड़कर वह व्यक्ति उठकर पुलिसवालों को लक्ष्य बनाकर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा चेतावनी देते हुए न्यूनतम बल का प्रयोग करते हुए अपनी सरकारी ग्लाक पिस्टल से एक राउण्ड फायर बदमाश की तरफ किया गया। उसके पास जाकर देखा गया तो उसके बाये पैर के घूटने के निचे पिंडली में गोली लगी थी उसके दाहिने हाथ से कुछ दूर पर एक तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा कुछ दुर पर सड़क किनारे एक मोटर साइकिल काले रंग की हीरो एच0एफ डिलक्स पड़ी है। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम किशन उर्फ कृष्णा पुत्र रवि डोम निवासी रेवडा फाटक चौरी रोड थाना भदोही जनपद भदोही उम्र करीब 28 वर्ष बताया जिसका नियमानुसार जामा तलाशी ली गयी तो उसके पास से कुल 2010 रूपये नकद तथा दाहिने हाथ के पास पड़े 315 बोर तमंचे को सतर्कता पूर्वक खोलकर देखा गया तो 01 अदद खोखा कारतूस चेम्बर मे बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग के दौरान घायल अभियुक्त को इलाज हेतु श्री बलवंत सिंह सरकारी अस्पताल भदोही भेजा गया है। जहां घायल अभियुक्त की स्थिति सामान्य है। पुलिस उच्चाधिकारीगण के नेतृत्व में फॉरेंसिक टीम/फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए थाना भदोही पर जुर्म धारा 109(1)/317(4) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का नाम व पताः-**

1. किशन उर्फ कृष्णा पुत्र रवि डोम निवासी रेवडा फाटक चौरी रोड थाना भदोही जनपद भदोही उम्र 28 वर्ष

**बरामदगी का विवरणः-**

अभियुक्त के पास से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा एक अदद खोखा कारतूस 09 MM व एक अदद मोटरसाइकिल हिरो एच0एफ डिलक्स तथा 2010 रूपया नकद बरामद किया गया।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-**

**टीम01**-नि0 सच्चिदानन्द पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना भदोही , उ0नि0 अजय ओझा, हे0का0 अजय सिंह , हे0का0 मनीष श्रीवास्तव , का0 अभिषेक पाल , का0 अनूप कुमार, का0 गोलू कुमार थाना भदोही जनपद भदोही।

**टीम 02**-नि0 श्याम बहादुर यादव प्रभारी स्वाट/सर्विलांस, मु0आ0 धीरेंद्र श्रीवास्तव, मु0आ0 हरिकेश यादव, मु0आ0 बृजेश सिंह सूर्यवंशी, मु0आ0 नागेंद्र यादव, आ0 हिमांशु सिंह, आ0 सुनिल कनौजिया ,आ0 अहम सिंह,आ0 सेराफुल हसन ,आ0 प्रत्यूष पाठक,आ00चा0 हरिओम प्रसाद एसओजी टीम, तथा हे0का0 राधेश्याम कुशवाहा, का0 गोपाल खरवार, का0 नीरज यादव, का राघवेंद्र कुशवाहा, का0 प्रिन्स भार्गव सर्विलांस सेल